# फार्मा पार्क प्रॉजेक्ट में यूपीसीडा को मदद देगा IIT-BHU

**NBT रिपोर्ट, कानपुर :** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने बुंदेलखंड में प्रस्तावित फार्मा पार्क की स्थापना, मानव संसाधन की उपलब्धता और अन्य चीजों में सहयोग देने के लिए आईआईटी-बीएचयू से एमओयू किया है। बुधवार को यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी और आईआईटी-बीएचयू के डीन रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट प्रो. राजेश कुमार ने हस्ताक्षर किए।

सीईओ ने कहा कि इस समझौते के जरिए ललितपुर में विकसित किए जा रहे फार्मा पार्क की स्थापना, मानव संसाधन की उपलब्धता, कौशल विकास, प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्लेसमेंट को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल राज्य में हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न करने की क्षमता रखती है। यूपीसीडा ललितपुर में 1,472 एकड़ जमीन पर यह परियोजना लगा रहा है।